तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024

12 'सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' थीम पर लगी...




11 कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु, कृष्ण की बालरूप ...





## खबर संक्षेप

### मंदिर ट्रस्ट चौरेल की बैठक 15 को

**लाटाबोड़।** मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक15 दिसंबर को समय दोपहर 2 बजे रखा गया है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने कहा की सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में मेला पर्व 2025 की तैयारी एवं अन्य कार्य के लिए विचार विमर्श कर चर्चा किया जायेगा।

### कार की ठोकर से बाइक सवार दो छात्र घायल

**बालोद।** शुक्रवार को सुबह 10 बजे सुमित बाजार बालोद के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दो स्कूली छात्र घायल हो गए। वहीं कार वाहन ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया है। जानकारी अनुसार सुमित बाजार के पास एक कार ने ओवरटेक करने के चक्कर में अर्धवार्षिक पेपर दिलाने जा रही सरस्वती शिशु मंदिर बालोद की कक्षा 7वीं के छात्र चंद्रेश मानिकपुरी और 11वीं के छात्र को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार वाहन फरार हो गया। वहीं घायल छात्रों को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। 7वीं के छात्र चंद्रेश मानिकपुरी को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोंट आई है जिसका इलाज जारी है और 11वीं के छात्र का प्राथमिक ईलाज किया गया जिसके बाद सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र का अर्धवार्षिक पेपर था लेकिन दुर्घटना के कारण दोनों छात्र पेपर में नहीं बैठ पाए।

### ग्राम समोदा में भागवत महापुराण 2 जनवरी से

**अंडा।** ग्राम समोदा में 2 जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 तक श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन बजरंग सेवा समिति (भागवत ग्रुप) एवं समस्त ग्राम वासियों की तत्वाधान में रखा गया है। जिसमें कथा व्यास पंडित भूपेंद्र पांडेय (गुंडरदेही) होगें। दिनांक 2 जनवरी को 12:00 बजे कलश यात्रा भजन मंडली के साथ एवं वेदी पूजन गौकरण कथा, 3 जनवरी कथा प्रारंभ, सुखदेव आगमन, 4 जनवरी ध्रुव चरित्र, कपिल चरित्र, 5 जनवरी प्रहलाद चरित्र जड़ भरत प्रसंग, 6 जनवरी श्री राम जन्म एवं श्री कृष्ण जन्म 7 जनवरी बाल चरित्र, माखन चोर लीला, 8 जनवरी रुक्मणी मंगल विवाह, 9 जनवरी सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष चढ़ोत्री, 10 जनवरी श्री गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन, शोभायात्रा मंगलमय समाप्ति एवं संध्याकालीन महाप्रसादी और भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ से प्रसिद्ध भजन गायक नीलकमल वैष्णव का सतरंगी रे स्टार नाईट का कार्यक्रम रखा गया है।



# डौंडी तहसील में प्रशासन ने की नायब तहसीलदार की व्यवस्था, चंद्राकर बैठेंगे रोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

तहसील कार्यालय में अब प्रतिदिन नायब तहसीलदार बैठेंगे। एसडीएम ने कहा कि जल्द की बाकी सेटअप भी पूरा कर लिया जाएगा।

खबर का असर

उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर के अंक ने हरिभूमि ने डौंडी तहसील में चार दिन से कामकाज ठप, तहसीलदार व बाबू नहीं होने से लौट रहे पक्षकार खबर प्रकाशित की थी। खबर में जानकारी दी थी कि तहसीलदार का स्थानांतरण होने पर वे रिलीफ हो गए। उनके स्थान पर पदस्थ अफसर ने ज्वाइन ही नहीं किया है। इसके साथ ही बाबू का भी ट्रांसफर होने पर वे चले गए। नए बाबू ज्वाइन करने के बाद छुट्टी पर चले गए, जिससे तहसील का कामकाज ठप हो गया है। पक्षकार आते हैं और घंटों इंतजार करने के बाद चले जाते थे। खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है।

अपर कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम आरके सोनकर को डौंडी तहसील में नायब तहसीलदार को भेजने का आदेश दिया। एसडीएम आरके सोनकर ने बताया कि डौंडी तहसील में अधिकारी अब प्रतिदिन बैठने की व्यवस्था कर दी गई है। जल्द ही अन्य सेटअप पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक दिन नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर बैठेंगे। इसके अलावा जल्द ही अन्य सेटअप भी पूरा कर दिया जाएगा।

## हरिभूमि की खबर पर प्रशासन ने लिया संज्ञान


डौंडी तहसील में चार दिन से कामकाज ठप, तहसीलदार व बाबू नहीं होने से लौट रहे पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

पेशी,नया आवेदन,सीमांकन व विवादित प्रकरण के पक्षकार घंटों इंतजार के बाद लौट रहे

पेशी की तारीख नहीं मिल रही, जानकारी देने वाला भी नहीं

व्यवस्था बनाएंगे

**बाकी सेटअप भी जल्द करेंगे पूरा: एसडीएम**



**पक्षकारों को मिलेगी राहत, होंगे काम**

चार दिन से परेशान पक्षकारों ने कहा कि अब उन्हें राहत मिलेगी। नायब तहसीलदार के बैठने से रोजमर्रा के कामों में गति आएगी। सीमांकन, बंटवारा आदि के आवेदन दिए जा सकेंगे। घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगी, निश्चितता बनी रहेगी।

**समस्या:** ग्राम खरथुली की महिलाओं ने एसपी से की शिकायत

# समूह में काम देने के नाम पर 38 महिलाओं से लोन निकलवाया और कर ली 50 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिलाओं को सब्जबाग दिखाकर बैंक से ऋण स्वीकृत करवा धोखाधड़ी करने का मामले रोज अलग अलग ग्रामों से सामने आ रहे हैं। जिले में अब तक सामने आए मामलों में आरोपी लगभग वहीं हैं। अब नया मामला गुरुवार को ग्राम खरथुली की महिलाओं का आया है।

- माइक्रोफाइनेंस कपंनी एवं अलग–अलग बैंको से लोन निकाल लिया

ग्राम खरथुली की महिलाओं ने समूह में काम देने के नाम पर लोन निकलवा धोखाधड़ी करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक बालोद से की है।

महिलाओं ने शिकायत में कहा है कि वे सब ग्राम खरथुली की रहने वाली हैं। खोरबाहरा निषाद जो पहले ग्राम परेंगुड़ा में निवासरत था और वर्तमान में बालोद के कुंदरू पारा में रहता है। जिनके द्वारा गांव के हम 38 महिलाओं से संपर्क कर सन् 2020–21 में माइक्रोफाइनेंस कपंनी एवं अलग–अलग बैंकों से लोन निकलवा मशरूम उत्पादन का काम देकर दोबारा 9 बैंकों से अलग–अलग ग्रुप में कुल लगभग 50 लाख रुपए की राशि निकलवा कर लोन का किश्त स्वयं चुकाने की बात कही। महिलाओं ने बताया कि हमसे पैसा लेकर कुछ माह तक किश्त जमा करने के बाद बंद कर दिया है। किश्त जमा नहीं होने पर बैंक द्वारा हम महिलाओं पर लोन की किश्त जमा कराने लगातार दबाव बनाया जा रहा है। हम महिलाओं द्वारा लोन की किश्त जमा नहीं होने पर खोरबाहरा निषाद से संपर्क भी किया। खोबाहरा निषाद हम महिलाओं से लोन चुकाने की बात कही और कहा कि वह पैसा लाने चारामा जा रहा हूँ। जिसके बाद से खोरबाहरा निषाद हम महिलाओं से अभी तक नहीं मिले हैं। इसके बाद हम महिलाएं कई बार खोरबाहरा निषाद से संपर्क करने का प्रयास भी किए। जिसके बाद से हम महिलाओं को उनका फरार होने का अंदेशा है।



### जांच के बाद कार्रवाई

महिलाओं के साथ हुई ठगी की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई का जाएगी।
- **देवांश राठौर,** एसडीओपी, बालोद

### बैक कर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में

महिलाओं का कहना है कि पूरे मामले में बैंक कर्मचारियों के इस धोखाधड़ी में शामिल होने की आशंका है। क्योंकि लेने दिलाने वाला खोरबाहरा निषाद एवं उनकी पत्नी गांव आकर महिलाओं को इकट्ठा कर बैंक कर्मचारी को तुरंत फोन कर बुलवा डाक्यूमेंट तैयार कर लोन पास करवाते थे। लोन पास होने के बाद पैसा खोरबाहरा निषाद या उनके द्वारा गणेश्वर कुंजाम एवं उनके बड़े भाई और चंद्रहास करियाम ग्राम नारागांव निवासी को हम लोगों के पास पैसे लेने भेजता था। जिन्हें निकाले गए लोन का पूरा पैसा देते थे। हम महिलाएं खेती–किसानी कर अपना और अपने परिवार का जीवनयापन करतीं हैं। इस धोखाधड़ी की स्थिति में हम महिलाएं बैंक का किश्त चुकाने की स्थिति में नहीं है। प्रतिदिन बैंक में लोन चुकाने हेतु लगातार दबाव बनाने से हम मानसिक रूप से बहुत ही परेशान है। इसलिए जल्द से जल्द इस मामले की निष्पक्ष जाँचकर कर दोषियों पर उचित कार्रवाई कर हमें न्याय दिलाने की मांग ग्रामीणो द्वारा की गई है।

# ड्राइवर ने बस में ब्रेक लगाया, छात्रा कांच तोड़ कर सामने गिरी, घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अर्धवार्षिक पेपर दिलाने घर से निकले कक्षा 11वीं का छात्रा दुर्घटना का शिकार हो गई। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार को सुबह 11 बजे की बताई जा रही है।

- 11वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा दिलाने जा रही थी छात्रा

मिली जानकारी अनुसार छात्र ग्राम बोड़की निवासी है जो स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद की कक्षा 11वीं मैथ्स की छात्रा है। छात्रा अर्धवार्षिक पेपर दिलाने स्कूल जाने के लिए घर से निकलकर ग्राम उमरादाहा में बस में आगे के सीट में सवार होकर स्कूल जा रहा थी। तभी ग्राम चरोटा के पास अचानक बस में ब्रेक लगाते ही कांच तोड़कर धड़ाम से जमीन पर छात्रा गिरकर बेहोश हो गया। जिससे बस में अफरा तफरी मच गई थी। घटना की जानकारी लगने पर स्कूल के प्रधान पाठक सहित अन्य शिक्षक जिला अस्पताल पहुंचे थे। छात्रा घायल होने के कारण अर्धवार्षिक पेपर में नहीं बैठ पाई है। यह घटना बस की अधिक स्पीड के कारण हुई है।



# कार की टक्कर से भाई-बहन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंगा सागर तालाब के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दी। भाई की शिकायत पर बालोद थाने में कार चालक के खिलाफ धारा 125 बीएनएस, 281 बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है।

- पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की विवेचना

जानकारी के अनुसार भेजा मैदानी निवासी रितेश कुमार यादव ने बताया कि 6 नवंबर को अपने बड़े पिता की बेटी तोमेश्वरी यादव को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एन 9887 में छोड़ने जा रहा था। भेजा मैदानी से बालोद रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था कि गंगा सागर तालाब के पास सुबह करीबन 10.30 बजे पहुंचा था। तभी सामने से आ रही एक लाल रंग की कार क्रमांक सीजी 10 एफ 3960 के चालक द्वारा तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। टक्कर से वह और उसकी बहन मोटर सायकल सहित गिर गये। बहन की इलाज में व्यस्त रहने के कारण 12 दिसंबर को बालोद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# विद्यालय के छात्र-छात्राएं राज्यस्तर पर दिखाएंगे जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विकासखण्ड, जिला और राज्य स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। साथ ही 28 वां राष्ट्रीय स्तर पर युवा उत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया जा सके।

- डिलेश्वरी एकल गायन में और गीतांजलि भाषण में जिले का करेंगी प्रतिनिधित्व

आयोजन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के छात्र-छात्राओं जिसमें डिलेश्वरी एकल गायन में और गीतांजलि भाषण में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य में बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नीलम ,रोशनी निहारिका ,राधिका, टिकेश्वरी ने हस्तकला में द्वितीय स्थान, द्रोपदी और भूमेश्वरी कृषि उत्पाद मिलेट्स में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। अभी कुछ दिनों पहले ही सुश्री एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में संस्था के छात्राओं द्वारा कला उत्सव में जिला का प्रतिनिधित्व किया गया था। पुनः युवा उत्सव में संस्था के बच्चों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं हैं। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लिलेंद्र सिन्हा, विद्यालय के व्याख्याता अविनाश साहू,सौरभ शर्मा, हेमंत साहू,डुप्ले शाहू, लवन साहू, श्रीमती तेजेश्वरी साहू,छाया नंदा,आर एन योगी ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन ▶▶| शेष पेज 11 पर





### मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आज

**अंडा।** महर्षि मुक्त वाटिका सिकोला में श्री सांई बाबा एवं शनि देव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रखा गया है। 14 दिसंबर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पं. विरेन्द्र चतुर्वेदी साजा द्वारा प्रातः 10.10 बजे पूर्णाहुति, समिति द्वारा आभार दोपहर 12.15 बजे तदोपरान्त आरती एंव भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही विधानसभा, अध्यक्षता श्रीराम सागर सिन्हा, अध्यक्ष महर्षि मुक्त वाटिका सिकोल, विशिष्ठ अतिथि बिरेन्द्र दिल्लीवार अछोटी, बिरम बाई सरपंच ग्राम पंचायत देवगहन होमन देशमुख, रौना सोहनलाल, देशमुख देवर, रामकृष्ण सेन भिलाई होंगे। महर्षि मुक्त वाटिका महिला सेवा संगठन एवं समस्त ग्रामवसी उपस्थित रहेंगे।

**धान, अपराध, बेरोजगारी, आवास योजना, अवैध शराब जैसे मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया**

# बीजेपी सरकार के खिलाफ युकां ने किया प्रदर्शन, 7 सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला युवा कांग्रेस द्वारा अपनी 7 सूत्रिय मांगों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें जिले के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में भाजपा शासन की कमीयों को गिनाते हुए धरना प्रदर्शन किया। जिसमें कलेक्टर के माध्यम से कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस द्वारा धान, अपराध, बेरोजगारी, आवास योजना, अवैध शराब जैसे मुद्दो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें कहा गया कि छत्तीसगढ़ में लगातार सरकार के कामकाज को विष्णु के सुशासन के रूप में प्रचारित प्रसारित किया जा रहा है। पर छत्तीसगढ़ की जनता पूछने को मजबूर है कि यह कैसा सुशासन है जिसमें किसान, युवा, महिलाएं और आम जन बेहाल है पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय जो जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद किए जाने से जनता में आक्रोश व्याप्त है। जिसमें कांग्रेसी नेता भाजपा शासन के दौरान जनता को हो रही परेशानियों को गिनाते दिखे तथा भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का जनता को लाभ न मिलने की बात कही। कांग्रेसियों ने वर्तमान में चल रही धान खरीदी में किसानों को हो रही परेशानियों का भी उल्लेख करते हुए समितियों में अव्यवस्था व किसानों को हो रही परेशानियों को दूर करने की बात कही।



### योजनाओं का नाम बदलकर वाहवाही लूट रही है सरकार

वहीं कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि उनके शासन काल में जनता के लिए जो लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही थी उनको सरकार बंद करती जा रही है या उनके द्वारा चलाए जा रहे अच्छे योजनाओं का नाम बदलकर अपना नाम डालकर वाहवाही लूटने का काम कर रही है। कांग्रेसियो द्वारा प्रमुख 7 मांगों में घोषणा पत्र के अनुसार किसानों को 2320 रुपये कि जगह 3100 रुपये का एकमुश्त धान का भुगतान किया जाए। अपराध एवं नशा पर अंकुश लगाया जाए, बेरोजगारी भत्ता जल्द शुरू किया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को आवास जल्द से जल्द मिले, स्थानीय युवाओं को बीएसपी एवं स्थानीय फैक्ट्री कारखाना में रोजगार दिया जाए, राजीव युवा मितान क्लब को फिर से शुरू किया जाए, अवैध शराब मेडिकल नशे को पूर्ण रूप से बंद किया जाए की मांग कांग्रेसियो ने की है।



# भरदाकला में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी और प्रतियोगिता होगी आज

**बालोद/अर्जुन्दा।** ग्राम भरदाकला में 14 दिसंबर को पशुधन विकास विभाग जिला–बालोद द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी वर्ग जैसे गाय, भैंस, बकरी, भेड़, पक्षी इत्यादि पशुओं हेतु मेंला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे वर्गवार चयनित पशुओं को योग्यता के आधार पर विभाग द्वारा उचित पुरस्कार प्रदाय किया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने पशुओं का पंजीयन पशु पालकों द्वारा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक किया जा सकेगा।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती पर मद्य निषेध दिवस 18 को

**दुर्ग।** बाबा गुरूघासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2024 को जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सर्व विभाग प्रमुख/नगरीय निकाय प्रमुख/जनपद पंचायत तथा अध्यक्ष/स्वैच्छिक संस्था प्रमुख और अध्यक्ष/सचिव/भारत वाहिनी समिति को इस संबंध में पत्र जारी कर इस अवसर पर जन सामान्य को मद्यपान के विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए-ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति द्वारा मद्य निषेध के पक्ष में कार्यक्रम आयोजित कराने। रेडियों एवं दूरदर्शन से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण। जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही। यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देने। नशामुक्ति साहित्यों का वितरण। सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार। विद्यार्थियों में नशापान के विरुद्ध जागरूकता लाना।

### शिविर में 117 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**दुर्ग।** जिले के विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम मचान्दुर में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी विभाग के जिला प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में 117 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों में जाकर ग्रामीणों की समस्या संबंधी आवेदनों की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिविर में विभिन्न विभागों को 218 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 177 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया।

## निधन

### रामदयाल साहू

**गुरूर।** ग्राम भेजा मैदानी निवासी रामदयाल साहू उम्र 87 वर्ष का



गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। रिटायर शिक्षक रामगुलाल साहू, राम्हीन साहू, रामबाई साहू, फूलबाई के भाई, महेश साहू, चिन्ता साहू, नरेश साहू, राजेन्द्र साहू के पिता, रुद्रनारायण साहू, जागृति प्रसाद, लूनिश साहू, पींगला साहू, लिकेश्वरी साहू, सविता साहू, डिलेश्वरी साहू, मोक्षदात्री साहू, रोजीबाला साहू, रेणुका साहू के दादा थे।

### दुर्योधन साहू



**गुरूर।** ग्राम कंवर निवासी दुर्योधन साहू उम्र 72 वर्ष का निधन आज हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे कविता साहू, योगेश साहू के पिता,सीमा साहू, विजय साहू, प्रकाश साहू, धनराज साहू के दादा थे।

---

प्रवचन : श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कुथरेल में पांचवां दिन

# कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु, भगवान की बालरूप झांकी ने मोहा सबका मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गायत्री ज्ञान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पांचवें दिन आज कृष्ण जन्मोत्सव में श्रद्धालु जमकर झूल उठे। भगवान कृष्ण के बालरूप झांकी ने सबका मन मोह लिया।

कथावाचक सुरेश कुमार दीन ने गजेंद्र मोक्ष की कथा बताते हुए कहा कि गजेंद्र हाथियों पर राजा है उनकी सौ पत्नी थीं। वन के सरोवर में जल क्रीड़ा करते हुए गजेंद्र अधिक उन्मुक्त हो जाता है। क्रीड़ा करते हुए सरोवर के अंदर गजेंद्र के पैर को मगर पकड़ लेता है वह छटपटाता है छुड़ाने का बहुत प्रयास करता है लेकिन छुड़ा नहीं पाता। काफी दिन निकल जाते हैं तभी गजेंद्र अपने परिवार को आवाज लगता है लेकिन कोई नहीं आता। तब भगवान के अलावा बचाने वाला कोई नहीं था तभी सरोवर में खिले कमल को देखकर नारायण भगवान को पुकारने लगा। भगवान ने उसकी पुकार सुन ली आने में देर नहीं लगी। गरुड़ में बैठकर भगवान पहुंचे और दोनों को खींचकर बाहर निकाला। सुदर्शन से मगर को मार डाला और दोनों का उद्धार हो गया।

कृष्ण जन्मोत्सव की कथा बताते हुए कथावाचक सुरेश कुमार ने कहा कि अग्रसेन और सुरसेन दोनों भाई थे। शूरसेन का पुत्र हुआ वासुदेव और अग्रसेन का पुत्र हुआ कंस। कथा को विस्तार से बताते हुए कहा कि अग्रसेन की पत्नी पद्मावती एक दिन एक मनोरम पर्वत में भ्रमण के लिए चली गई। भ्रमण करने वह दासियों के साथ गई। पर्वत का दृश्य इतना मनोरम था कि वह दासियों को छोड़कर अकेले ही रह गई। इसके बाद आकाश मार्ग से उड़ते हुए एक दैत्य धूमिल नाम का पद्मावती को देखकर उनके सामने जाने का सोचता है। धूमिल राक्षस एक मायावी था तो उन्होंने अग्रसेन का रूप बनाकर उनके सामने प्रकट हो गया जिसको देखकर रानी पद्मावती बेहोश हो जाती है। तभी आकाशवाणी होती है की रानी के गर्भ में जो अंश है वह राक्षस होगा। दैत्य पुत्र के कारण वह आतंकी होगा। कंस का जन्म हुआ और वह वासुदेव के एक अच्छे मित्र बन गए थे। कंस ने अपनी चचेरी बहन देवकी के लिए वासुदेव को कहा कि आप मेरी बहन से परिणय कर लो। वासुदेव ने मित्र की बात को सुनकर परिणय के लिए तैयार हो जाता है इसके बाद कंस अपनी बहन को अपनी रथ में बैठाकर ले जा रहा था। तभी आकाशवाणी होती है कि जिसको तू लेकर जा रहा है उसी के गर्भ की आठवें संतान से तुम्हारी मौत होगी। तभी कंस क्रोधित हो जाता है और अपनी बहन को रथ से खींचकर बाहर निकलता है और तलवार से मारने ही वाला होता है। तभी वासुदेव जाकर उनको रोकते हैं और कहते हैं कि है मित्र तुम तो बड़े ही बलशाली हो। तुम बड़े शूरवीर हो क्या तुम एक महिला को मारोगे। ऐसा कह कर उनको रोकते हैं और कहते हैं कि अगर आपको हमारी संतान से डर है तो वे अपना आठवां संतान आपको लाकर दे दूंगा। उसी समय नारद कंस से कहते हैं कि क्या जरूरी है कि तुम्हारी मौत आठवीं संतान से होगी। वह मौत पहले या दूसरी संतान से भी हो सकती है जिसको सुनकर कंस और क्रोधित हो जाता है।

### योगमाया से भगवान कृष्ण का होता है जन्म

वासुदेव और देवकी को काल कोठरी में डाल देते हैं। तभी उनको पहली संतान होता है जिसके बाद से वह 6 संतानों को मार डालता है। इसके बाद सातवीं संतान के समय भगवान योग माया को भेज कर देवकी के गर्भ को रोहिणी के गर्भ में डाल देते हैं। जिसका नाम बलराम पड़ता है और योग माया से ही कृष्ण भगवान का जन्म होता है।

## अभिमान की चिंगारी जीवन को जलाकर राख कर देती है : संत





**अंडा।** ग्राम अडोरसकरी में हो रहे भागवत कथा में संत निरंजन महाराज कहा की कि जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मत्सर ये षडविकार है। इसे त्याग कर ही प्रभु को प्राप्त किया जा सकता है।

जीवन से दुर्गुणों का त्याग करें और सद्गुण को अपनाएं। अभिमान पतन का मूल कारण है जो जीवन का विनाश कर देता है। इसलिए कभी भी अभिमान न करें। अभिमान के प्रकार बहुत है तन का, मन का, धन का, पद का, प्रतिष्ठा का, रूप का रंग का, बहुत ही प्रकार के है अभिमान के वृक्ष में अभद्रता के पुष्प और विनाश का फल तैयार होता है इसलिए अभिमान को त्यागे और जीवन मे प्रेम की प्रगाढ़ता को बढ़ाये। उक्त संदेश ग्राम ओडारसकरी में देशमुख परिवार के शुभ संकल्प से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस में सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, दक्ष यज्ञ प्रषंग और शिव विवाह की कथा पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए छत्तीसगढ़ के यशस्वी संत सद्गुरु संत निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। संर श्री ने आगे कहा, प्रभु के दरबार में न कोई छोटा बड़ा ऊंच नीच नहीं है सभी के लिए प्रभु का प्रेम बराबर है, इंसानियत से बड़ी कोई जाति नहीं न हम ब्राह्मण है न हम क्षत्रिय न हम वैश्य न हम शुद्र प्रभु कहते हैं। सर्वप्रथम हम इंसान है और इंसान बन कर इंसानियत का त्याग मत कर। भगवान की तरह बनने की चाहत तो सभी को होती है लेकिन भगवान बनने की चाहत को छोड़ कर जिस दिन हम इंसान बन गए तो मानों राम राज्य स्थापित हो गया। आज पशुओ के अंदर मानवीय संवेदना देखने को मिलती है इसलिए इंसान बने।

■ सृष्टि क्रम का वर्णन किया विदुर और शिव विवाह की कथा सुनाई


### जीव और शिव दोनों एक ही हैं

भक्त के प्रेम में वशीभूत होकर परमात्मा बन्धन में बंध जाते है, संसार में जीव का अस्तित्व कन्या की भांति है जैसे कन्या अपने नैहर से बिदा ले ससुराल जाकर सबको मानती है तो पति को जानती है ऐसे ही हम सब जीव कन्या की भांति है। जब तक इस संसार रूपी नैहर से बिदा नहीं लेंगे तब तक श्याम पिया से मिलन सम्भव नहीं। जीव और शिव दोनों एक ही हैं। दोनों में कोई अंतर नहीं, किसी के प्रति अमंगल की भावना से किया गया कोई भी यज्ञ सफल नहीं होता और इसका उदाहरण दक्ष के यज्ञ का विनास है। भगवान शंकर विश्वास के प्रतीक है। श्रद्धा बदलती है बढ़ती है। परिवर्तित होता है लेकिन विश्वास अटल रहता है बिना विश्वास के भगवान की भक्ति सम्भव नहीं।

---

# छत्तीसगढ़ शासन के एक साल पूरे, सीएम साय से विधायक ललित ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



छत्तीसगढ़ शासन के गौरवशाली 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव जी से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों के कारण प्रदेश ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है।

यह एक ऐसा अवसर है, जो समर्पण, परिश्रम और जनकल्याण की भावना को उजागर करता है। प्रदेशवासियों के लिए यह 1 वर्ष प्रेरणा और आशा का प्रतीक है। 13 दिसम्बर को माननीय विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार का गठन हुआ था। आज एक वर्ष ऐतिहासिक पूर्ण उपलब्धि के साथ आज हुआ। वह जीत वास्तव में आपके विश्वास की ही थी, सपनों और उम्मीदों की थी। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा विगत एक वर्ष में हमारी सरकार ने आपके विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। हमने 'मोदी की गारंटी' के सभी प्रमुख वादे प्राथमिकता से पूरे किये हैं। इससे हर वर्ग का विकास हुआ है, प्रदेश में खुशहाली आई है। हमारी सरकार इसी निरंतरता को बनाए रखते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है।

■ सीएम को प्रदेश के समुचित विकास के लिए शुभकामनाएं दी

---

प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य ने गिनाई उपलब्धियां

# साय सरकार ने एक वर्ष में सभी वर्गों का रखा ख्याल : कुसुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश महिला मोर्चा की कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने सुशासन का काल बताते हुए कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं, किसानों, मजदूरों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, आवास,आदिवासियों , बुजुर्गो, खिलाड़ियों सभी के हितों का ख्याल रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की गई है। एक साल में ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। प्रदेश के सभी आयु वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार ने एक साल में महतारी वंदन योजना अंतर्गत 70 लाख से



अधिक महिलाओं को 12000 रुपए प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता, पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख से अधिक लोगो के नए आवास को स्वीकृति देने,कृषक उन्नति योजना के तहत 24 लाख किसानों को 917 रुपए के अंतर की राशि देने,12 लाख से अधिक किसानों को पिछले दो वर्षो का धान का बकाया बोनस देने, रामलला अयोध्याधाम दर्शन योजना, राजिम कुंभ कल्प का आयोजन,4 धामो की तर्ज पर 5 शक्तिपीठों का विकास करने, भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10000 रुपए की वार्षिक आर्थिक योजना है। स्कूलों में न्योता भोज, नियद नेल्लानार योजना, लखपति दीदी योजना, मल्टी विलेज योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, पी एम जनमन, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत, खेल छत्तीसगढ, गर्भवती महिलाओ के लिए सुप्रजा कार्यक्रम सहित अनेक जनहितकारी योजनाएं प्रारंभ की है, जिसका लाभ प्रदेश में सभी वर्गो को मिल रहा है तथा उनका जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है।


---

# स्कूल भवन जर्जर, मरम्मत की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस बालोद प्रशांत बोकड़े, जिला युवा कांग्रेस बालोद मनीष सेन ने विद्यालय भवन के छत मरम्मत करवाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि श्रीराम विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक शाला पैरी ग्राम पैरी तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद में संचालित एक शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालय है। जो कि लगभग 50 वर्षों से संचालित है। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं लगती हैं जिसमें आसपास के लगभग 5 गांवों के बच्चे अध्ययन करने आते हैं।



वर्तमान में लगभग 250 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

विद्यालय के सभी भवन लगभग बहुत पुराने हैं जिनमें से एक दो कमरे वाले भवन की छत जर्जर हो चुकी है एवं छत का मलबा गिरने लगा है। जिसके चलते कक्षाओं का संचालन बाधित हो रहा है। उक्त कक्षाओं में साइंस के विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। समस्या के कारण छात्रों को खुले में पढ़ना पड़ रहा है। अनुदान प्राप्त विद्यालय होने के बाद भी विद्यालय को किसी नए भवन या मरम्मत कार्य के लिए शासन द्वारा कोई लाभ प्राप्त नहीं हो पाता जिसके चलते भवन के छत की मरम्मत नहीं करवा पा रहा है। आगामी वर्षों तक यदि छत की मरम्मत नहीं की गई तो पूरा छत भवन ढह जाएगा एवं छात्रों को खुले में ही अध्ययन कार्य करना होगा। इसलिए छात्रों के हित को ध्यान देते हुए उक्त विद्यालय भवन की छत मरम्मत करवाया जाए।

---

# पहाड़ा व गिनती सप्ताह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई किसना में पहाड़ा एवं गिनती सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के बच्चों ने 35 तक पहाड़ा याद कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाला के प्रधानपाठक निर्मल दुबे ने बताया कि बुनियादी गणितीय कौशल के विकास में गिनती और पहाड़े का विशेष महत्व है। सोमवार से शनिवार तक पहाड़ा एवं गिनती सप्ताह का आयोजन शाला में किया गया, जिसमें गिनती,अंक पहचान पर कार्य किया गया। बच्चों में गणितीय संक्रियाओं को बनाने के लिए पहाड़े भी बताए गए। स्कूल के 6 बच्चों को 35 तक पहाड़ा एवं 10 बच्चों को 25 से ऊपर तक के पहाड़ा,10 बच्चों को 22 तक पहाड़ा सुनाने एवं 10 बच्चों को 20 तक पहाड़ा बनाने एवं सुनाने पर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आये। बाकी बचे बच्चों में भी और आगे पहाड़ा बनाने और अंक पहचान करने की भावना जागृत हो रही है। महीने में दो सप्ताह इसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिससे बच्चों में बुनियादी गणितीय कौशल का विकास तेजी से किया जा सके। शाला के सभी शिक्षक बुनियादी कौशल के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

■ प्राथमिक शाला रानीतराई किसना में आयोजन

---

कांग्रेस की सरकार में धान खरीदी बराबर चल रही थी, अब किसानों को मिल रहे केवल 23 सौ रुपए

# कोचवाही में उपस्वास्थ्य केन्द्र, किसान कुटीर एवं रंगमंच का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





ग्राम पंचायत कोचवाही में गुरुवार को उपस्वास्थ्य केन्द्र, किसान कुटीर एवं रंगमंच का लोकार्पण विधायक संगीता सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पूजा अर्चना कर विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि किसान कुटीर किसान भाइयों के लिए बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी इसमें नहीं बैठ सकते हैं। यह पूर्व मुख्यमंत्री की देन है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं से लाखों रुपये का गबन किया गया है। 14 बैकों से लोन लिया है। गांव की महिलाओं को संज्ञान में लिया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग पर नेशनल हाईवे से श्मशानघाट तक के मध्य पुल को बजट में रखने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे गुरुर जनपद अध्यक्ष प्रभात धुवे ने कहा कि पूर्व कांग्रेस की सरकार में धान खरीदी बराबर चल रही थी। लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद बराबर बारदाना नहीं मिल रहा है। 31सौ रुपये देने की बात कर रहे हैं, लेकिन 23 सौ रुपये किसानों के खाते में डाल रहे है। भाजपा सरकार व्यापारियों की सरकार है। ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि 21 क्विंटल धान खरीदी कांग्रेस सरकार की देन है। अभी सरकार तो केवल 23 सौ रुपये दे रहे है। धान का उठाव नहीं हो रहा है। जिसके कारण खरीदी बंद हो रही है। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता किसानों के साथ है। ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर ने ग्राम के विकास के लिए सड़क में पुल निर्माण एवं शीतला मंदिर में निर्माण व आहाता निर्माण की मांग की।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, ब्लांक महामंत्री शादिक अली,सेक्टर अध्यक्ष उमर अली, सरपंच भुनेश्वरी यादव, उपसरपंच तैय्यब अली, रोहित यादव, फूलचंद भुआर्य, कुश कुमार नेताम, मनोज यादव, सेवती राणा, मनसुखा घरत, भुनेश्वरी सिन्हा, सुरेखा उइके, देवकी मंडावी, हरिश्चंद्र घरत एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल झलमला के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर आज से

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 14 से 20 दिसंबर तक ग्राम अंधियाटोला में आयोजित किया गया है।

शिविर का उद्घाटन समारोह 14 दिसंबर को शाम 4 बजे मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत देवारभाट वर्शा जाचक की उपस्थिति में होगा। अध्यक्षता उपसरपंच ग्राम पंचायत देवारभाट राजेन्द्र बघेल करेंगे। विशेष अतिथि कमला वर्मा, पंच राधेश्याम चुरेन्द्र, अजय चुरेन्द्र, नंदकुमार डरसेना, एमएल साहू उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह मे 19 दिसंबर को शाम 6:30 बजे मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद कृतिका साहू उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य बालोद द्रोपति वर्मा करेगी। विशेष अतिथि पंचायत सचिव धर्मराज साहू, पंच गोमती पोसार्य, पंच तीरथ पौसार्य, ग्रामवासी चैतराम कोठारी, रतन यादव, आनंद करपाल, शिक्षिका अल्का देवांगन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के तहत 15 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे बौद्विक परिचर्चा में करियर गाईडेंस सविता पटेल, अभिशेक मिश्रा मार्गदर्शन करेंगे। शाम 6:30 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। 16 दिसंर को दोपहर 2:30 बजे बौद्विक परिचर्चा संस्कृति ज्ञान मे एलआर साहू मार्गदर्शन करेंगे। शाम 6:30 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। 17 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे स्वयंसेवक एवं राज्य पाल पुरूस्कृत देवेन्द्र कुमार साहू एवं लक्ष्य कुमार साहू मार्गदर्शन करेंगे। शाम 6:30 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। 18 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे बौद्विक परिचर्चा मे स्वयंसेवक एवं राज्य पाल पुरस्कृत वंदना, लोकेश एवं साथी उपस्थित रहेंगी। शाम 6:30 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। 19 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे हेल्थ केयर के तहत मेडिकल शिविर लुकेश्वर साहू के मार्गदर्शन मे आयोजित होगा। शाम 6:30 बजे पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे से परियोजना कार्य एवं वापसी होगी।

कार्यक्रम में संरक्षक प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला शिबानी नंदी व जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना बालोद डॉ. लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला गोमती भूआर्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न होगा।

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन ने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की



**रायपुर।** लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की। श्री अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, यह विधेयक 15वें वित्त आयोग के निर्देशों के आधार पर तैयार किया गया है और इसमें राज्यों और जिलों को अधिक शक्ति दी गई है। विपक्ष द्वारा इस संशोधन विधेयक पर सवाल उठाना निराधार है। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में एक आपदा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा, राज्य खनिज, कोयला और लोहे के खनन के माध्यम से केंद्र को बड़ा राजस्व देता है, लेकिन हाथियों के उत्पात और नक्सलवाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

### महंत बोले- भाजपा सरकार का पहला साल छत्तीसगढ़ बदहाल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, वादा निभाने वित्तमंत्री, गृहमंत्री के आवास का घेराव किया जा रहा है। सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये हैं। दिव्यांग मुख्यमंत्री निवास घेरने को निकलने को विवश हो गये। यह सरकार के 1 साल की कथित सफलता की सच्चाई है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी हैं। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। सरकारी नौकरी में भर्तियां बद हो गयीं। बिजली के दाम बढ़ गये। एक साल में ही साय सरकार जनता में अलोकप्रिय साबित हो गयी है।

### स्वच्छता अभियान व जन जागरुकता कार्यक्रम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के गौरवपूर्ण 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका निगम रिसाली द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित किया गया और साफ-सुथरे पर्यावरण के महत्व पर चर्चा की गई। स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। आइए, मिलकर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान दें। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा विगत एक वर्ष में हमारी सरकार ने आपके विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। हमने 'मोदी की गारंटी' के सभी प्रमुख वादे प्राथमिकता से पूरे किये हैं। इससे हर वर्ग का विकास हुआ है, प्रदेश में खुशहाली आई है। हमारी सरकार इसी निरंतरता को बनाए रखते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है।

**वन्यजीवों का संरक्षण, संवर्धन करने समन्वय स्थापित करने दोनों राज्यों के वन अफसरों की हाई लेवल मीटिंग**

# छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश बना हाथी-बाघ का कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के हाथियों का पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बाघों का राज्य में आमद पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। हाथी तथा बाघ को किसी तरह से नुकसान से बचाने शुक्रवार को वन मुख्यालय में दोनों राज्यों के वन अफसरों की एक हाईलेवल बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों राज्यों के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सहित वन्यजीव अफसर के साथ डीएफओ शामिल हुए।

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए दोनों राज्यों के बीच सर्वोत्तम उपायों और समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभ्रंजन सेन, राज्य के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर कुमार अग्रवाल तथा एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ प्रेम कुमार के साथ मध्यप्रदेश के बांधवगढ़, कान्हा, संजय गांधी टाइगर रिजर्व के वन अधिकारी भी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ से टाइगर रिजर्व से और बिलासपुर तथा सरगुजा वन मंडल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संयुक्त प्रयास कर वन्यजीवों को बचाएंगे

दोनों राज्यों के वन अफसरों ने बाघ तथा हाथी के संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात पर सहमत हुए। साथ ही, वन्यजीवों के आवास को सुरक्षित रखने के लिए परस्पर सर्वोत्तम उपायों का आदान-प्रदान किया जाएगा और छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वन विभाग दोनों राज्यों के बीच निरंतर समन्वय स्थापित कर हाथी और बाघ संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे।



### मध्यप्रदेश के बाघ ने बनाया टेरिटरी

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश स्थित कान्हा तथा संजय डुबारी नेशनल पार्क से सटा हुआ है। एटीआर तथा गुरु घासीदास के साथ कवर्धा स्थित भोरमदेव अभयारण्य में मध्यप्रदेश से बाघों तथा हाथी की आवाजाही होती रहती है। गुरु घासीदास में हर दूसरे तीसरे दिन संजय डुबारी के बाघ विचरण करते हुए पहुंच जाते हैं। कान्हा में बाघों की संख्या बढ़ने से कान्हा का टी-200 टाइगर ने अचानकमार में अपना स्थायी टेरिटरी बना लिया है। राज्य के वन अफसर वर्तमान में यहां के टाइगर रिजर्व में 29 के करीब बाघ होने का दावा कर रहे हैं।

### लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने पर बल

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए वन अफसरों ने लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण इन प्रजातियों के आवास को संरक्षित करने और उनके प्राकृतिक आवासों में बढ़ते खतरों को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी माना गया है।

**भ्रमण : सड़क चलते राहगीरों से चंद्रवाल ने चर्चा कर कर्मियों की कार्यशैली जानी**

# हुच्चेटोला में ग्रामीणों से मिले कलेक्टर योजनाओं का लाभ देखने घर तक गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत कुदारीदल्ली के आश्रित ग्राम हुच्चेटोला में शुक्रवार को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ग्रामीणों के बीच पहुंच कर ग्रामीणों का हाल-चाल जाना। आदर्श ग्राम को मूर्त रूप देने के लिए अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि गण लगे हुए हैं। विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का जनता के बीच कैसा तालमेल है उसके बारे में भी सड़क चलते राहगीरों से पूछताछ करते हुए गये तो राह चलते ग्रामीणों ने बताया कि जब से बालोद जिला बना है, अधिकारी कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है। गाड़ी को देखकर अपने कामधाम में लगे ग्रामीण भी कलेक्टर साहब के नजदीक आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराया।

- जूते उतारकर मशरूम उत्पादन देखने गए

इसी बीच चंद्रकुमार पिता सुकालू राम ने कलेक्टर साहब से चर्चा करते हुए बताया कि विभाग द्वारा मुर्गी पालन के लिए मुर्गी का चूजा दिया गया है। जिसको वहरोज दाना डालकर मुर्गी का लालन-पालन कर रहा हूं। एक से डेढ़ महीने में मुर्गी बड़ा हो जाएगा जिससे मुझे आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने ने हितग्राही को अपने घर का मुर्गी पालन को दिखाने कहा तो प्रसन्नता जाहिर करते हुए अपने घर लेकर गए। वहीं चंद्रकुमार ने अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने बांस की चित्रकला का प्रशिक्षण लेकर सुंदर कला कृति कर मन को सहसा आकर्षित करने वाला बैंगल बॉक्स, शो केश, ड्रेसिंग टेबल का निर्माण किया है जिसका अवलोकन करते हुए कलेक्टर श्री चन्द्रावाल ने शाबाशी देते हुए इसके अलावा केनवास व जुट की कला कृति करने प्रोत्साहित किया।





**शासन की योजनाओं से करेंगे आर्थिक स्थिति मजबूतः रोहिदास**

रोहिदास पिता रूप सिंह ने विभाग से मिले मछली जाली को अपने घर में दिखा कर बताया कि निजी डबरी में मछली पालन करने की योजना है। मछली बीज डालकर मछली पालन करूंगा। अपने मेहनत से आर्थिक स्थिति को मजबूत करूंगा। सेवा राम के घर मुर्गी पालन का निरीक्षण कर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ठंड के दिनों में रख रखाव पर विशेष ध्यान देने कहा। मनरेगा के तहत निजी डबरी निर्माण योजना से लाभान्वित किसान सुग्रीव राम ने बताया कि मछली पालन के लिए सुंदर डबरी बनवाया हूं, अब मछली बीज डालने की तैयारी में हूं, जिससे मुझे बहुत ही जल्दी आर्थिक लाभ होगा। माखनलाल मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर मशरूम की खेती करने में लगे हुए हैं। मशरूम उत्पादन किया जा रहा है उस कमरे में अचानक जूता चप्पल उतार कर प्रवेश करने कहा गया तो सभी ने देवी देवता स्थल होगा ऐसा करके चप्पल जूता उतारने लगे और श्रद्धा पूर्वक अंदर प्रवेश किया तो वहां मशरूम के अलावा और कुछ नहीं था। दरअसल में मशरूम में बैक्टीरिया जल्दी पनप जाती है। इस लिए इन्फेक्शन से बचाने चप्पल जूता को दूर रखना होता है। सक्रिय महिला जागेश्वरी देशमुख ने महिला समूह की क्लस्टर निर्माण की समस्या बताया तो कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा को इनकी मदद कर समस्या का निराकरण करने कहा। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वावलंबी बनने योजनाओं से जुड़ने प्रेरित किया।

### गलियों में भ्रमण किया, ग्रामीणों से कहा- स्वावलंबी बनें

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गली भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से कहा कि शासन की योजनाओं से जुड़ कर लाभान्वित होकर स्वावलंबी बनने की दिशा में कार्य करें। आय को दोगुना करने कार्य योजना तैयार करें। आपके द्वारा क्या कार्य किया जा रहा है तथा किसको और रोजगार की जरूरत है ? ग्रामीणों से पूछते हुए आगे बढ़ते गए तथा एसडीएम शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत सीईओ पंकज देव ने अधिकारी कर्मचारियों व ग्रामीणों के साथ बैठकर योजना से लाभान्वित होने सभी को प्रेरित करते रहे।

### चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 21 दिसंबर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण के संबंध में विभागीय मंत्री को सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। चैबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 55वें जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने के लिए गत दिनों राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध प्रतिभागियों ने सुझाव दिए। इन्हीं सुझावों को सूचीबद्ध कर ज्ञापन सौंपा गया है। बिंदुवार दिए गये सुझाव में इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी केआधार मान्य होने संबंधी प्रावधान को वापस लेने, धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को शामिल करने संबंधी सुझाव शामिल है। साथ ही भरोसेमंद करदाताओं की पहचान करने के लिए जीएसटी अनुपालन रेटिंग का उपयोग करने संबंधी सुझाव दिया गया है।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से व्यापार एवं उद्योग के हित में व्यापारियों द्वारा दिये सुझावों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल करने आग्रह किया है।

# ओबीसी आरक्षण के लिए महासभा ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उप मुख्यमंत्री एवं विधि और विधायी कार्य मंत्री अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के नाम पर बालोद जिला कार्यालय में अधिकृत अधिकारी एसडीएम प्रतिमा ठाकरे को छत्तीसगढ़ पंचायत राज एवं नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन कर ओबीसी को पर्याप्त संख्या में आरक्षण प्रदान करने के लिए ओबीसी महासभा ने आज ज्ञापन सौंपा।

- अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत ओबीसी समुदाय के लिए मांगा

प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण )क्रमांक 763 विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटलनगर दिनांक 3 दिसंबर 2024 एवं छत्तीसगढ़ शासन राजपत्र असाधारण क्रमांक 765 विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 3 दिसंबर 2024 के राजपत्र में छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 5 सन 2024) द्वारा प्रकाशित राजपत्र में मूल अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (दो),धारा 11 क का उप-धारा(1) के अधीन अनुसूचित जातियों तथा /अथवा अनुसूचित जनजातियों का कुल आरक्षण 50% या 50% से अधिक होने की स्थिति में अन्य पिछड़े वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है।

इसी प्रकार छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 3 सन 2024) छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 765 में मूल अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के खंड (दो) ,मूल अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (3) के खंड (दो),धारा 25 की उप-धारा (2) के खंड (दो) ,धारा 30 की उप-धारा 3 के खंड (दो) एवं मूल अधिनियम की धारा 32 की उप-धारा (2) के खंड 2 के स्थान पर प्रतिस्थापित क्रमशः ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं राज्य में यदि अनुसूचित जातियों और /अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए 50% या 50% से अधिक स्थान आरक्षित हो, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के साथ अन्याय है।चूंकि अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत ओबीसी समुदाय भी सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा है।

उन्होंने आगे कहा कि संविधान के अनुच्छेद 16 (4) में उचित आरक्षण का प्रावधान है एवं 50% की सीमा निर्धारित नहीं है। 50 प्रतिशत सीमा निर्धारण संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह सिद्धांत भी प्रतिपादित किया गया है कि किसी क्षेत्र में निवासरत दूरस्थ क्षेत्र के व्यक्तियों की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 50% की अधिकतम सीमा को शिथिल कर सीमा बढ़ाई जा सकती है। प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल ने कहा कि 3 दिसंबर 2024 को पारित अध्यादेश को संविधान के अनुच्छेद 16 (4) के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त आरक्षण दिया जाए,अन्यथा ओबीसी महासभा चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।




**ये रहे मौजूदः** जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ,प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर, बालोद ब्लाक अध्यक्ष पवन साहू, बालोद नगर अध्यक्ष चमेली साहू, जिला संरक्षण काशीराम निषाद, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा छवि सार्वा, जिला महासचिव महिला मोर्चा प्रतिमा यादव ,जिला सचिव मोहनी देवांगन ,वार्ड पार्षद पद्मिनी साहू,सक्रिय पदाधिकारी नारायण साहू ,प्रेमचंद्र क्षीरसागर,यूरेका साहू, आस्था चंद्राकर, विवेक चंद्राकर ,प्रीतम देशमुख ,राधा साहू ,पवन, निर्मल योगी ,निशा देशमुख, विष्णु साहू ,टेमनलाल सिन्हा, देवेंद्र कुमार ,प्रवीण ठाकुर ,त्रिवेणी साहू ,विकास सोनी ,माधुरी साहू, देवेंद्र कुमार देवांगन ,संतोष वर्मा, देवलाल निषाद ,मीना साहू सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युकां ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया



**गुण्डरदेही।** रायपुर से बालोद कलेक्टरेट घेराव में जाते वक्त प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का आगमन गुण्डरदेही नगर में हुआ। जहां विधानसभा युवा कांग्रेस के साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

**पेज 9 का शेष**

### विद्यालय के छात्र-छात्राएं ...

करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। संस्था की व्याख्याता सुश्री एनुका शार्वा ने बताया कि संस्था से गायन,वादन, हस्तकला आदि विधाओं में छात्र छात्राओं द्वारा विकासखण्ड स्तर पर चयन पश्चात जिला में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिये थे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन पश्चात राज्य में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।




## आर्थिक तंगी से जूझ रहीं तीजन बाई की सुध लेने पहुंचा दुर्ग जिला प्रशासन



**भिलाई।** अपने पंडवानी गायन से देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वालीं पिछले डेढ़ साल से अस्वस्थ चल रहीं 78 वर्षीय प्रख्यात पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई की सुध लेने गुरुवार को प्रशासन का अमला उनके गृहग्राम गनियारी पहुंचा। कलेक्टर के साथ पहुंचे प्रशासन के अधिकारियों ने उनका हौसला बढ़ाते हुए बेहतर इलाज और आर्थिक मदद का भरोसा दिलाते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला प्रशासन की ओर से तीजन को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। चिकित्सकों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी कलाकार तीजन बाई के इलाज के लिए आर्थिक तंगी से जूझने व पेंशन नहीं मिलने संबंधी खबर 11 दिसंबर के अंक में प्रकाशित कर शासन प्रशासन का फिर से एक बार ध्यानाकर्षण किया था।

### शिवली को पीएचडी

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय अटल नगर ने शिवली श्रुति श्रीवास्तव को मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आयोजन किया

**भिलाई।** ग्राम पंचायत जेवरा में बम-बम भोले की गूंज रही। गुरुवार को यहां ग्रामीणों ने श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में श्री शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम पूरे दिन चला। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। गांव की गलियों से गुजरती यह यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह का प्रतीक बनी। यात्रा के दौरान हर कोई भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए इस पावन आयोजन का हिस्सा बने।

### राजस्व अधिकारी से गाली गलौज

**भिलाईनगर।** भिलाई निगम क्षेत्र में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर के राजस्व वसूली का दल 1,08,193.00 रूपये का बकाया संपत्तिकर लेने के लिए हरि चौहान, पिता विश्वनाथ चौहान निवासी नेहरू भवन रोड चाचा पान ठेला के सामने वार्ड कं. 17 सुपेला के घर संपत्तिकर लेने गए थे। हरि चौहान द्वारा शराब के नशे में संपत्तिकर देने से मना किया गया और अधिकारियों से गाली-गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। कर्मचारियों पर अपने बेटे का पुलिस में होने का धौंस देने लगा। उसके इस व्यवहार को शासकीय कार्य में बाधा मानते हुए, सुपेला थाना में एफ.आई.आर. दर्ज कराया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सभी संपत्तिकर बकायादारी को कई बार नोटिस दिया गया है।

### श्रृंखला यादव हत्याकांड हाईकोर्ट ने 20 साल की सजा को रखा बरकरार

**भिलाई।** श्रृंखला यादव हत्याकांड के मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट दुर्ग के फैसले को यथावत रखा है। आरोपी पक्ष द्वारा सेशन कोर्ट के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। आरोपी को सेशन कोर्ट ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 13 जून 2019 की दोपहर ट्यूशन जा रही रिसाली मैंत्री नगर निवासी श्रृंखला यादव पर प्राणघातक हमला किया गया था। आरोप एक कथित नाबालिग पर लगा था। दो दिन बाद 15 जून को श्रृंखला यादव ने इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मौके पर मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया था। बाद में उसे इस आधार पर जमानत मिल गई कि घटना के वक्त वह नाबालिग था। श्रृंखला की मां ममता यादव लगातार न्याय के लिए संघर्ष करती रही। बाल न्यायालय से इस केस को सेशन कोर्ट लाया गया। जहां पांच साल तक केस चला। साक्ष्य ,गवाह, डीएनए टेस्ट के आधार पर आरोपी को 20 साल की सज़ा सुनाई गई। न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बावजूद आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया। ममता यादव ने बाल आयोग में इसकी शिकायत की। बाल आयोग ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया। चार महीने बाद आरोपी को दुर्ग सेंट्रल जेल भेजा गया।

# 'सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' थीम पर लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा 'सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' थीम पर जिला मुख्यालय बालोद के कला केंद्र परिसर में छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों और जिले में उक्त योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों की फोटो को प्रदर्शित किया गया।

उक्त प्रदर्शनी को जिले के आम नागरिकों, राहगीरों ने नजदीक से देखा और उसका अवलोकन किया। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों द्वारा आगन्तुकों को विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी भी प्रदान की गई। जनसपंर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में श्रीरामलला दर्शन योजना, तेंदूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर में हुई बढ़ोतरी, महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, धान खरीदी महाभियान, स्वच्छ भारत मिशन, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, धान बोनस, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, जल जीवन मिशन, कृषक उन्नति योजना, हाईटेक लाईब्रेरी की सौगात, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में आज बड़ी संख्या में लोग पहुँचे और उन्होंने शासन की 1 वर्ष की उपलब्धियों को करीब से अवलोकन किया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग बालोद के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद थे।

**जिला मुख्यालय के कला केंद्र परिसर में जनसंपर्क विभाग ने लगाई छायाचित्र प्रदर्शनी**





## क्राइम : अर्जुंदा थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है अपराध का ग्राफ

# युवक की पेड़ पर लटकी मिली लाश, दोनों हाथ बंधे होने और पैरों में चप्पल से हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। क्षेत्र के गांवों में असामाजिक तत्वों के कारण अपराध का ग्राफ मानो दिनोंदिन बढ़ते जा रहा है।

अर्जुन्दा थाना के क्षेत्र के खुरसुल निकुम मेनरोड के मोड़ बरगद पेड़ में एक युवक की लाश पेड़ पर शुक्रवार को अलसबुह लाश रस्सी से लटकी मिली। उसके दोनों हाथों को गमछा से कसकर बांधा गया। मृतक के पैरों पर चप्पल पहने लटकी लाश की खबर फैलते ही ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ लग गई।

■ मृतक पेशे से था ड्राइवर, बाइक भी खड़ी मिली

ग्रामीणों ने लाश को देखकर आशंका जताई कि मामला हत्या का हो सकता है। वहीं सूचना मिलते ही अर्जुन्दा पुलिस व डॉग स्क्वाड की टीम स्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। अर्जुन्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अविवाहित मृतक मिथलेश यादव 32 वर्ष है, अंजोरा राजनांदगांवपारा में रहकर पेशे से ड्राइवर का काम करता है। मृतक की मोटर साइकिल स्पेलेण्डर सीजी 07 एल 2683 खड़ी थी। वही प्लेन शराब पौवा, डिस्पोजल व चखना लाश के पास पड़ी थी। गौर हो कि अर्जुन्दा थाना क्षेत्र का आखरी गांव होने के कारण समय- समय पर पुलिस गश्त नहीं होने से देर शाम होते- होते सुनसान होने के कारण शराबियों का जमघट लगता है। पुलिस की ठोस कार्रवाई नही होने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।



### पुराने मामलों का नहीं हो रहा खुलासा

उल्लेखनीय है कि बीते 3 दिसम्बर को खुरसुनी में रेखदास के फर्म में लाखों रुपये के चेन हार्वेस्टर मशीन में आग लग गई। लेकिन अभी तक अर्जुन्दा पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। अर्जुन्दा पुलिस ने बताया कि मृतक मिथलेश यादव का पोस्टमार्टम कर मरच्युरी भेज कर पुलिस घटना की विवेचना में जुटी है। घटना के बाद से आसपास रहने वाले ग्रामीणजन दहशत में होने से क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया है।

# अनियमितता की शिकायत पर जिला स्तरीय जांच टीम की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम बासीन के ग्रामीणों ने सरपंच ग्राम पंचायत बासीन के खिलाफ अनियमियता के शिकायत पर चल रहे। जांच में अधिकारियों द्वारा सहमति पत्र देने का दबाव बनाने सरपंच के पक्ष में बात करने एवं जांच में सरपंच पति के हस्तक्षेप पर अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधना, जांच से असहमत होते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीणों द्वारा सरपंच के खिलाफ जांच के लिए ओवदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर सीईओ जनपद द्वारा जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच के लिए भेजी गई थी। जांच के दौरान सरपंच पति द्वारा हस्तक्षेप करते हुए शिकायत कर्ताओं के साथ झगड़ा करने लगता था, जांच अधिकारियों द्वारा पूरी बिन्दुओं में चर्चा व जांच हुए बगैर शिकायतकर्ताओं से सहमति के लिए दबाव बनाया जाता था एवं अधिकारियों द्वारा सरपंच के पक्ष मे बात करना और शिकायतकर्ताओ के बातों को नजर अंदाज करने से शिकायत कर्ताओं को संदेह है कि जांच अधिकारियों द्वारा पक्षपात करते हुए जांच में लिपापोती कर जांच की जावेगी। इसलिए जिलास्तरीय टीम के द्वारा जांच कराई जाए ताकि सरपंच ग्राम पंचायत बासीन की मनमानी अनियमियता जनता के समक्ष आ सके।

### मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**गुरूर।** ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक जिला बालोद द्वारा ओबीसी महासभा विभिन्न मांगों को लेकर अनु विभागीय अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम में ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, संरक्षक संपत कलिहारी, अधिवक्ता विनेश गजेंद्र, अधिवक्ता राम गोपाल सिन्हा, अधिवक्ता हीरालाल साहू, नोहर विश्कर्मा, अधिवक्ता रामसाय पटेल सहित सभी पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल थे।



# अपराधों का निडर होकर शिकायत करें : योगेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला न्यायालय परिसर बालोद में महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013 के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तथा श्यामलाल नवरत्न प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के निर्देशानुसार जिला न्यायालय बालोद में महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013 से संबधित कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न द्वारा कहा गया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लघंन है। उनके दारा उपस्थित महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से रोकथाम अधिनियम 2013 के संबध में जानकारी देते हुए विशाखा कमेटी के दिशानिर्देश, अधिनियम के अंतर्गत गठित कमेटी, शिकायतों की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों का बिना डरें शिकायत करने के लिए कहा गया। न्यायाधीश परिवार न्यायालय बालोद योगेश पारीक द्वारा कहा गया कि महिलाएं अपने साथ होने वाले अपराधों के संबंध में तुरंत शिकायत करें, जिससे उन्हे न्याय मिलने में परेशानी ना हो। इस अवसर पर जिले के समस्त न्यायाधीश, महिला कर्मचारी एवं पैरालिगल वालिटियर उपस्थित थे।

# सहस्त्रबाहू जयंती और सम्मान समारोह 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तहसील स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 15 दिसंबर को पुरूर में किया गया है। जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे दीप प्रज्वलन होगा। प्रातः 10 बजे मंगल कलश यात्र निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। दोपरह 2 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान होगा। शाम 5 बजे कार्यक्रम समापन एवं अभार होगा।

जिसमें मुख्य अतिथि स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। अध्यक्षता मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील गुरूर चंदन लाल सिन्हा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा व पूर्व विधायक बालोद भैयाराम सिन्हा होंगे। विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद राकेश यादव, सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू, पुलिस थाना प्रभारी पुरूर शिशुपाल सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत पुरूर सुकृति यादव, प्रदेश कोशाध्यक्ष कलार समाज बिसम्भर सिन्हा, जिला अध्यक्ष कलार समाज बालो चमन लाल सिन्हा, जिला कोशाध्यक्ष कलार समाज बालोद हरदेव लाल सिन्हा, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. घनश्याम सिन्हा, प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ट संयोजक डीआर गजेन्द्र, पूर्व प्रदेश आमंत्रित सदस्य दुर्गुराम सिन्हा रहेगे।

विशेष आमंत्रित अतिथि में मण्डलेश्वर कलार समाज बालोद दिनेश सिन्हा, मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील गुण्डरदेही मिलन सिन्हा, मण्डले"वर कलार समाज तहसील अर्जुन्दा रोशन सिन्हा, मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील डौण्डीलोहारा कंवल सिन्हा, मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील देवरी बिसरू राम सिन्हा, मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील डौण्डी, दल्ली कमलेश सिन्हा, मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील धमतरी संतोश सिन्हा, अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति पुरूर कुंवर सिंह नागवंशी, पूर्व सचिव कलार समाज बोरिदकला कमल किशोर सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष बालोद विनेश गजेन्द्र, अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोखा श्याम लाल सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत मोखा पुष्पेन्द्र कटेन्द्र, सरपंच ग्राम पंचायत करेंझर नरेन्द्र सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिने"वरी सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत भेजा रेणुका सिन्हा, सरंपच ग्राम पंचायत सोरर शशिकला कुम्भज, सरपंच ग्राम पंचायत घोघोपुरी लीला राम सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम मे सरंक्षण कलार समाज तहसील गुरूर जनार्दन सिन्हा, मण्डलेश्वर कलार समाज तहसील गुरूर चंदन लाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष कलार समाज तहसील गुरूर लेखराम सिन्हा, युवा अ कलार समाज तहसील पुरूर तोशण सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कलार समाज तहसील गुरूर केकती सिन्हा, महिला मंच सचिव कलार समाज तहसील गुरूर वंदना गजेन्द्र, महिला मोर्चा कोशाध्यक्ष कलार समाज वेदनंदनी गजेन्द्र व अध्यक्ष अशोक सिन्हा, सचिव मुरली सिन्हा, कोशाध्यक्ष द्वारिका सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

## प्राथमिक शाला फूंडा में बच्चों को रिटायर्ड सैनिक ने कराया न्योता भोज

**गुण्डरदेही।** प्राथमिक शाला फूण्डा में रिटायर्ड सैनिक जितेंद्र चंद्राकर और उनकी धर्मपत्नी पूनम चंद्राकर द्वारा अपने शादी की 15 वीं सालगिरह पर गुरुवार को बच्चों को न्योता भोज कराया। श्री चंद्राकर ने कहा कि आजकल के लोग अनेक खुशी के मौके पर पार्टी कर कई हजार रुपए बर्बाद कर देते है। ऐसे लोगों को फिजूल खर्च न कर स्कूलों मे छोटे छोटे बच्चों को न्योता भोज कराकर पुण्य का भागी बनना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानपाठिका दुर्गेश्वरी साहू, शिक्षिका पूनम देशमुख और ग्राम के नागरिक उपस्थित थे।



# ट्रेनिंग से लौटा अग्निवीर भुवन तो गांव वालों ने गाजे-बाजे से किया स्वागत

**गुरुर।** ग्राम डोकला में प्रथम अग्निवीर जवान भुवन नागवंशी पिता बेदराम नागवंशी के ट्रेनिंग के पश्चात अपने गांव लौटने पर समस्त ग्रामवासियों, युवा संगठन द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। जवान के साथ गांव में बाजेगाजे के साथ रैली निकाली गई।

भारत माता की जयकारों से गांव गूंज उठा। स्वागत और सम्मान में सरपंच विजेंद्र ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष पुरानिक सिन्हा, गिरधर सिन्हा, माहेद्रा, दुकालू राम, बंशी लाल यादव, राकेश, भूपेश, टोकेश्वर, युवा संगठन डोकला अध्यक्ष खिलेंद्र कुमार टेमोनिया, उपाध्यक्ष दिनेश नेताम, सचिव नुतन तारम, कोषाध्यक्ष लोकेश्वर लावतरे अन्य सदस्य विनोद नागवंशी, टोकेश्वर लावतरे,मोहित साहू, गुलशन नागवंशी, विनय, दीपक, लीलेश्वर, जतिन, तनिश सहित अन्य मौजूद रहे।



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन 24 तक

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अंतर्गत संचालित लीगल एंड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस कौंसिल के एक पद और असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस कौंसिल के 03 पदों के लिए संविदा भर्ती आमंत्रित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 24 दिसम्बर 2024 तक शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग में रखे ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग,
बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग,
स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग,
बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग
में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## छत्तीसगढ़ से 18 प्रतिभाओं का किया गया सम्मानित


# योगेश्वर ज्योतिबा फुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला निवासी शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 40वे राष्ट्रीय दलित साहित्य सम्मलेन मे महात्मा ज्योतिबा फुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित हुए।

नेशनल फेलोशिप अवार्ड दिल्ली के लिए छत्तीसगढ़ से 18 प्रतिभाएं सम्मानित हुए। छत्तीसगढ़ से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले, नवाचारी शिक्षक का चयन इस वर्ष देश के राजधानी मे होने वाले 40वां राष्ट्रीय दलित साहित्य अकादमी सम्मलेन में महात्मा ज्योतिबा फुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2024 के लिए चयन हुआ। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रान्त अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद बंजारे के अनुशंसा पर किया गया। ज्वाला ने बताया कि 8 दिसम्बर एवं 9 दिसम्बर को नई दिल्ली के पंचशील आश्रम, झड़ौदा गॉव (बुराई बाई पास ) में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 40वे राष्ट्रीय दलित साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देश के सभी राज्यों के सभी भाषाओ के दलितोंथान मे जुटे दलित साहित्य कार, नवाचारी शिक्षक, पत्रकार, लेखक, कवि, संपादक, लोक कलाकार, समाज सेवक आदि इस कार्यक्रम मे विशेष भाग लिए सम्मान दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहन पाल सुमनाक्षर के हाथों दिल्ली मे सम्मानित किया गया। सभी 18 प्रतिभाएं राष्ट्रपति पुरुषकृत संजय मैथिल के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ। ग्राम नेवारीकला निवासी शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू को इसके पहले भी प्रधानमंत्री के हाथो राष्ट्रीय पुरुस्कार मिल गया है और दर्जनों राज्य स्तरीय पुरुस्कारो से नवाजे जा चुके है। उनकी इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्त्रेत समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक स्कूल व संकुल के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।





रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)